भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 5582

27 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

जागरूकता अभियान और स्कूल आउटरीच

†5582. श्रीमती भारती पारधीः
श्री नरेश गणपत म्हस्केः
श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बरसानेः
श्री अतुल गर्गः
श्री रविंद्र दत्ताराम वायकरः
डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदेः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा देश में टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान और स्कूल आधारित आउटरीच कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) सरकार द्वारा इस अभियान को राष्ट्रव्यापी स्तर पर चलाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने हैं; और

(ग) इस पहल का गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की रोकथाम, किशोरों के स्वास्थ्य संबंधी परिणामों और जन स्वास्थ्य लक्ष्यों पर क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग) गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की घटनाओं को कम करने के लिए एक निवारक उपाय के रूप में, 28 फरवरी 2026 को सभी 36 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में 14 वर्ष की आयु की लगभग 1.2 करोड़ पात्र लाभार्थी बालिकाओं के लिए देशव्यापी निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया गया था। देश के सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में चिकित्सा और पैरामेडिकल कर्मचारियों के लिए एचपीवी टीकाकरण पर व्यापक प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। एचपीवी, टीडी (टेटनस एडल्ट डिप्थीरिया) जैसे विभिन्न टीकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए रेडियो जिंगल्स, पोस्टर, बैनर, भ्रम-भंजक डिजिटल सामग्री और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसी आईईसी सामग्री के उपयोग माध्यम से जागरूकता सृजन अभियान चलाया जा रहा है, ताकि संबंधित सटीक जानकारी प्रदान की जा सके और गलत धारणाओं को दूर किया जा सके। ये टीके सभी नामित सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क लगाए जाते हैं।

*****